सैनिक स्कूल अम्बिकापुर : उपलब्धियों के आइनें में

सैनिक स्कूल अम्बिकापुर , छत्तीसगढ़ राज्य का एक मात्र सैनिक स्कूल है । छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्व सैनिक स्कूल अम्बिकापुर ने अपनी स्थापना के साथ ही सफलता का अध्याय लिखना शुरू कर दिया था । पिछले दो सत्रों में सी.बी.एस.ई. दसवीं और बारहवीं के शतप्रतिशत परिणाम देने का दुर्लभ एवं प्रतिष्ठित रिकार्ड रखने के साथ इस स्कूल ने पिछले वर्ष एन.डी.ए. को एक टॉपर भी दिया । ध्यातव्य है कि सैनिक स्कूल अम्बिकापुर के कैडेट खिलानन्द साहू ने एन.डी.ए. 136 वें कोर्स में पुरे भारत में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया । कैडेट खिलानन्द साहू ने सैनिक स्कूल अम्बिकापुर के साथ –साथ अपने गृह राज्य छत्तीसगढ़ का भी मान बढ़ाया है । इसके अतिरिक्त स्कूल के सात और कैडेटों ने एन.डी.ए. में प्रतिष्ठित रैंक के साथ प्रवेश पाया और आज नेशनल डिंफेस एकेडमी में कुल मिलाकर सैनिक स्कूल अम्बिकापुर के ग्यारह (11) कैडेट प्रशिक्षण रत है ।

पिछले कुछ महीने सैनिक स्कूल अम्बिकापुर के लिए उपलब्धियों से भरे हुए रहें हैं । और यहाँ के कैडेटों ने बार–बार अपना और अपनें स्कूल का नाम रौशन किया है । इसके अतिरिक्त सैनिक स्कूल का अपना घुड़सवारी क्लब भी है जो निपुण कैडेटों और प्रशिक्षितो घोड़ो के साथ सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है ।

पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्वता को प्रमाणित करते हुए स्कूल में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । 17 जुलाई को स्कूल में एक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । 26 जुलाई 2016 को कारगिल विजय की स्मृति में **विजय दिवस** समारोह का आयोजन हुआ और 'दैनिक भास्कर' दैनिक के तत्वावधान में एक और पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस दिशा मे सबसे महत्वपूर्ण प्रयास के तहत वन विभाग छत्तीसगढ के तत्वावधान में एक वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन सैनिक स्कूल अम्बिकापुर, मैंड्राकलाँ परिसर में हुआ । इस कार्यक्रम में आई0 जी0 सरगुजा रेन्ज, कमिश्नर सरगुजा संभाग तथा कलेक्टर सरगुजा के अतिरिक्त माननीय गृहमंत्री छत्तीसगढ शासन श्री रामसेवक पैंकरा की उपस्थिति उल्लेखनीय रही । माननीय गृहमंत्री महोदय तथा गणमान्य अतिथिंयो द्वारा करीब 200 फलदार, फूलवाले एवं छायादार वृक्ष लगाए गए ।

सैनिक स्कूल परिसर के भीतर कैडेटो कें सर्वांगीण विकास पर केन्द्रित, काव्यपाठ प्रतियोगिता ,क्विज प्रतियोगिता अभिभाषण प्रतियोगिता, हिन्दी वाद – विवाद प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, क्रासकंट्री प्रतियोगिता, अंग्रेजी अभिभाषण प्रतियोगिता, बैडमिंटन प्रतियोगिता, वालीवॉल प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया ।

दिनाँक 19 अक्टूबर से 22 अक्टूबर 2016 के मध्य स्कूल की चार दिवसीय वार्षिक एथेलेटिक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में कैडेट दमदारी के साथ 100 मी0, 200 मी0, 400 मी0 की दौड़ , लम्बी कूद ऊँची कूद , गोला फेंक चक्का फेंक, भाला फेंक आदि प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं ।

कैडेटों की सांस्कृतिक और कलात्मक रूचि का विकास करने के उद्देश्य से स्कूल के सभी आठ सदनों द्वारा 'प्राचार्य के साथ एक शाम' (Tea with Principal) शीर्षक से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है । इसके अतिरिक्त कक्षा छः के नवागत कैडेटों

द्वारा पृथक् एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन तथा स्टाफ और कैडेटों के समवत प्रयास द्वारा प्रस्तुत एक उत्कुष्ट सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जा चुका हैं ।

भारत की महान विरासत और सैन्य शक्ति सम्पन्नता एवं सैन्य परंपराओं के साक्षात दर्शन के लिए कैडेटों को अब तक पासिंग आउट परेड एन.डी.ए. खडकवासला, वायुसेना कमाण्ड इलाहाबाद, सारनाथ एवं वाराणसी, आयुध निर्माण फैक्टरी जबलपुर, मैनपाट, अमृतधारा, वायुसेना स्टेशन ग्वालियर, पचमढ़ी आदि के भ्रमण पर स्कूल द्वारा भेजा जा चुका है ।

एन0सी0सी0 सैनिक स्कूल के कैडेटों के जीवन का अभिन्न अंग है । एन0सी0सी0 के तहत् सैनिक स्कूल के कैडेटों ने पिछले दिनों प्रतिष्ठित और महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की है ।

अक्टूबर में बिलासपुर में आयोजित सीएटीसी (एनसीसी) कैम्प में स्कूल की कक्षा 10वीं, 11वीं तथा 12वीं के कैडेटों ने भाग लिया। इस कैम्प में सैनिक स्कूल के कैडेटों ने प्रायः प्रत्येक गतिविधि एवं प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर सर्वविजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। उपरोक्त प्रतियोगिताओं ड्रिल जे0डी0 व एस0डी0 सांस्कृतिक कार्यक्रम, वाद विवाद प्रतियोगिता एवं 0.22एमएम रायफल निशानेबाजी में सैनिक स्कूल के छात्र अव्वल रहे। निशानेबाजी प्रतियोगिता में एस0डी0 से कैडेट दीपक बरनवाल व कैडेट जतिन दत्ता क्रमशः प्रथम व द्वितीय रहे। जे0डी0 से कैडेट भूपेश चौहान अव्वल रहे। वाद–विवाद हिन्दी प्रतियोगिता से कैडेट कमलेश गुप्ता व अंग्रेजी से कैडेट प्रबुद्ध मुखर्जी व कैडेट दिव्यांशु पटेल अव्वल रहे। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में तरूण एक्का व प्रकाश साहू प्रथम रहे।

नई दिल्ली में आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवस परेड में चयन के लिये आयोजित आर0डी0सी0 कैम्प में से सैनिक स्कूल के 10 छात्रों में से 08 कैडेटों का चयन किया गया। जिन्हें अंतिम चयन के लिये रायपुर भेजा गया है।

पिछले दिनों कई मान्य अतिथियों ने सैनिक स्कूल का निरीक्षण किया। दिनांक 07 सितम्बर को एन0सी0सी0 महानिदेशक ब्रिगेडियर आई0 जे0 एस0 चौहान सैनिक स्कूल के निरीक्षण दौरे पर रहे।

माननीय लोक निर्माण विभाग मंत्री छत्तीसगढ़ सरकार श्री राजेश मूणत व शिक्षा मंत्री केदार कश्यप पिछले दिनों सैनिक स्कूल के दौरे पर आये। माननीय अतिथियों ने सैनिक स्कूल की प्रगति पर संतोष जाहिर किया एवं कैडेटों को और अधिक परिश्रम व सफलता के लिये प्रोत्साहित किया।

सैनिक स्कूल अम्बिकापुर राज्य के छात्रों के सर्वागींण विकास के लिये एक अनुकूल वतावरण ,अच्छा अनुभव व उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के लिए सतत् प्रयासरत है ।